Daily COVID-19 Updates





India Fights Corona (Updates)

- देश में स्थिति 'सामाजिक आपातकाल' के समान है इसके लिए कड़े फैसलों की जरूरत है और हमें सतर्क रहना चाहिए। राज्यों, जिला प्रशासन और विशेषज्ञों ने वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लॉकडाउन को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया है: सांसदों के साथ बातचीत के दौरान पीएम मोदी

- मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। मास्क न पहनने पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है: अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी, लखनऊ

- आगरा में 22 , गाजियाबाद में 13, गौतमबुद्धनगर में 12, कानपुर में 12, वाराणसी में 4, शामली में 3, मेरठ में 7, बरेली में 1, बुलंदशहर में 3, बस्ती में 3, फिरोज़ाबाद में 3, सहारनपुर में 4, महाराजगंज में 4, सीतापुर में 1 और लखनऊ में 8 बड़े और 4 छोटे हॉटस्पॉट हैं: अपर मुख्य सचिव

- पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने राज्य में जारी अपूर्व लॉकडाउन से बाहर निकलने के तरीके खोजने के लिए जल्द ही एक टास्क फोर्स का गठन करने की घोषणा की है: पंजाब सीएम ऑफिस

- 31 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में रजिस्टर्ड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण कोष से 1000 और 6000 रुपए की राहत राशि दी गई है। 2 करोड़ से ज्यादा श्रमिकों को लगभग 3000 करोड़ की राशि दी गई है: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय संयुक्त सचिव

- आज COVID19 के दो नए पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। पश्चिम बंगाल में एक्टिव केस की कुल संख्या 71 है: मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

- अब तक हमने 1,21,271 टेस्ट किए हैं: आर. गंगाखेडकर, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

- भारत में अभी तक 402 लोग ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। देश में 5194 कंफर्म कोरोना पॉजिटिव केस रिपोर्ट हुए हैं। पिछले एक दिन में 773 कोरोना पॉजिटिव केस रिपोर्ट हुए। अब तक कोरोना की वजह से 149 लोगों की मौत हुई है। कल 32 लोगों की मौत हुई थी: स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

- हम COVID19 को देशव्यापी लेवल पर मॉनीटर करना चाहते हैं। तो उसी के तहत मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने COVID19 मैनेजमेंट के लिए एक ट्रेनिंग मॉड्यूल लॉन्च किया है जिसका नाम है इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग पोर्टल: स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

- ये पोर्टल दीक्षा प्लेटफॉर्म से संबंधित है। इस प्लेटफॉर्म के द्वारा डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिक्स और साथ ही राज्य के अधिकारी गण, सिविल डिफेंस अधिकारी, NCC, NSS और रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवकों को और फ्रंटलाइन वर्कर्स को जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे: लव अग्रवाल

- राज्य में 15 और कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आए हैं, कुल कोरोना मामलों की संख्या बढ़कर 363 हो गई है: राजस्थान स्वास्थ्य विभाग

- सोशल डिस्टेंसिंग की वजह से ही कहीं न कहीं हम लोग इस बीमारी को इतने बड़े देश में सीमित रख पाए हैं। उनकी बातों से कहीं न कहीं ये आभास हुआ है कि शायद इस लॉकडाउन को आगे जारी रखने का फैसला सरकार ले सकती है: चिराग पासवान (लोक जनशक्ति पार्टी)

- उत्तराखंड में जारी लॉकडाउन को आगे बढ़ाने के लिए राज्य मंत्रिमंडल में सहमति बनी है। राज्य सरकार ने इसके संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है: उत्तराखंड के मंत्री मदन कौशिक

- U.P. के इन 15 जिलों-आगरा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, सहारनपुर, गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, गाजियाबाद, शामली, बरेली, बुलंदशहर, बस्ती, महाराजगंज और सीतापुर में जिन कोरोना के हॉटस्पॉट की पहचान की गई है वहां सख्ती से लॉकडाउन लागू किया जाएगा: उ.प्र. अपर प्रमुख सचिव गृह अवनीश अवस्थी

- उत्तर प्रदेश के 15 जिलों में कोरोना का लोड काफी हाई है इसलिए प्रभावित क्षेत्रों को सील करने के निर्देश दिए गए हैं। वहां 100% होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी, वहां केवल स्वास्थ्य विभाग और होम डिलीवरी करने के अलावा कोई और नहीं जाएगा: आर.के. तिवारी, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश

- ये सामुदायिक प्रसार(Community spread) को रोकने के लिए किया जा रहा है क्योंकि यहां मामले काफी ज्यादा हैं। इन जिलों में नोएडा, गाजियाबाद, शामली, मेरठ, लखनऊ, आगरा, सहारनपुर शामिल हैं: आर.के. तिवारी, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश

- मैं समझ सकता हूं कि लोग घर पर रहकर विभिन्न प्रकार के मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। लोग बोर हो रहे हैं। लेकिन COVID19 को हराने के लिए

घर पर रहने के अलावा कोई और दूसरा विकल्प नहीं है: महाराष्ट्र मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे

- नागरिकों के हित को देखते हुए कोरोना वायरस के बेहतर प्रबंधन के लिए आज से सरकार ने मध्यप्रदेश में एसेंशियल सर्विसेज़ मैनेजमेंट एक्ट जिसे ESMA या हिंदी में 'अत्यावश्यक सेवा अनुरक्षण कानून' कहा जाता है, तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है: मध्यप्रदेश के CM शिवराज सिंह चौहान

- छत्तीसगढ़: महासमुंद में फाइनल ईयर इंजीनियरिंग के छात्र योगेश साहू ने मेडिकल स्टाफ की मदद के लिए एक रोबोट बनाया है। उसने कहा, "डॉक्टर लोगों को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं,मैं उनके लिए कुछ करना चाहता था इसलिए मैंने ये रोबोट बनाया।"

- तमिलनाडु: मदुरै में जिन गरीबों के पास राशन कार्ड है उनको तमिलनाडु सरकार ने 1000 रुपये की राहत राशि बांटना शुरू किया।

- केरल: अलपुज्जा में एक चर्च के पादरी ने लॉकडाउन के दौरान मछुआरों की मदद करने के लिए चर्च के नवीनीकरण के लिए इकट्ठा किए पैसों को दान करने का फैसला किया है। फादर थॉमस मारिया कहते हैं अभी उन्हें मदद की जरूरत है जब उनके पास पैसे होंगे तो वो मुझे चर्च बनाने के लिए दे देंगे।

- दिल्ली में आज कोरोना वायरस के 51 नए मामले सामने आए हैं(इसमें 35 ने विदेश यात्रा की है, 4 मरकज़ से हैं और 2 मौतें शामिल हैं)। राजधानी में कोरोना वायरस के कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 576 हो गई है।

COVID-19 Updates (Worldwide)

- UAE announces 283 new cases of #COVID19, umber of confirmed cases in country rise to 2,359.
- US: Indian American-owned pharma firm pledges to donate 3.4 million Hydroxychloroquine Sulphate tablets
- Brazil's President Jair Bolsonaro in letter to PM Narendra Modi invokes Lord Hanuman's Sanjivani quest to request New Delhi to export Hydoxychloroquine
- COVID19: UN Chief Antonio Guterres suspends rotation and deployments of the peacekeepers until June 30 to mitigate the risk of transmission of the novel Corona Virus
- Twitter co-founder, CEO Jack Dorsey to donate $1 billion out of his personal fortune to Corona Virus relief through his philanthropic fund.
- Indian Council for Cultural Relations comes up with unique Art initiative amidst global battle against COVID19 Affirmed with belief to propagate Vasudhaiv Kutumbakam, World is one family.
- South Korea planning to tighten border controls to slow Corona virus infection.
- British PM Boris Johnson to remain in ICU for Corona Virus treatment.
- US President Donald Trump says he would put on hold funding to WHO, accusing global organization of becoming China-centric during ongoing Corona Virus Pandemic.
- New York City's death toll from coronavirus rose past 3,200 eclipsing the number killed at World Trade Center on 9/11.
- India, China can cooperate in epidemiological research, vaccine development, says Indian Ambassador to China.

कोरोना वायरस पर केन्द्रित आलेखों के मुख्य बिंदु

मोदी की 'संजीवनी बूटी' और दम तोड़ते झूठ

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के संवाददाता सम्मलेन के एक आधे-अधूरे वीडियो के आधार पर मोदी-विरोधी खेमे द्वारा फैलाया जा रहा झूठ आधा दिन भी नहीं टिक सका. ट्रंप और वहां के पत्रकार के बीच हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन दवा के निर्यात संबंधी एक सवाल-जवाब में आई बातचीत को सलीके से तोड़-मरोड़ कर भारत में मोदी से इर्ष्या रखने वाला खेमा 'ट्रंप की मोदी को धमकी' के रूप में बताने की जल्दीबाजी कर बैठा. यह खेमा ऐसी चूक व जल्दीबाजी दिखाने का अभ्यस्त है. पहला झूठ तो यह बोला गया कि ट्रंप ने भारत को धमकी के लहजे में 'बयान' दिया है. जबकि यह 'बयान' नहीं बल्कि मीडिया से सवाल-जवाब के क्रम में एक विषय केंद्रित सवाल का ट्रंप द्वारा दिया 'जवाब' था. कम से कम ऐसे लोगों को 'बयान' और 'जवाब' का अर्थ ठीक से पता होना चाहिए.

दूसरा झूठ जो भारत में बोला गया, वह यह था कि ट्रंप ने भारत को धमकी दी है. सोमवार शाम हुए उसी संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी से बात की है और उनकी बातचीत बहुत अच्छी रही. उन्हें पता है कि भारत ने हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन के निर्यात पर रोक लगाई है, लेकिन यह दूसरे देशों के लिए है. अमेरिका और भारत के संबंध बहुत अच्छे हैं. मुझे नहीं लगता कि वो (मोदी) ऐसा (अमेरिका के साथ) करेंगे.

Source: https://www.spmrf.org/modis-sanjeevani-boot-and-dying-lies/

कोरोना एक इशारा है, प्रकृति से खिलवाड़ बहुत हो चुका; अब हमें चेत जाना चाहिए

आजकल सुबह नींद खुलते ही एक विशेष अहसास होता है। एक अलग तरह की प्रसन्नता का अनुभव होता है। लगता है जो जुड़ाव हम प्रकृति के साथ भूल चुके थे अब वह वापस आने लगा है। इंसानों की वजह से न तो नीला आसमान बचा था और न ही पक्षियों का मधुर स्वर। ये सब वायु एवं ध्वनि प्रदूषण में कहीं खो कर रह गए थे। देखा जाए तो लॉकडाउन से होने वाली पीड़ा को कम करने में प्रकृति इंसान का भरपूर साथ दे रही है।

प्रकृति ने इंसान को उसकी करतूतों के लिए क्षमा कर दिया है। वह संपूर्ण तौर पर हमें इस विपदा का सामना करने का हौसला निरंतर प्रदान कर रही है। हम इंसानों को कोरोना के दंश से सबक लेने की अत्यंत आवश्यकता है। अब हमें चेत जाना चाहिए कि प्रकृति से खिलवाड़ बहुत हो चुका, वरना वह दिन दूर नहीं है जब हम इंसान भी इस पृथ्वी से विलुप्त हो जाएंगे जैसे कभी डायनासोर या पशु-पक्षियों की अन्य प्रजातियां हो गईं।

मुझे लगता है कोरोना एक इशारा है, उस ईश्वर का, उस प्रकृति का जिसने हमारा एवं इस जग का सृजन किया है। किसी ने स्वप्न में भी नहीं सोचा था कि आज जो कुछ देख या अनुभव कर रहे हैं, कभी हमें अपने जीवन काल में देखना पड़ेगा। यह किसी दु:स्वप्न से कम नहीं, पर एक कटु सच्चाई है, जिसका सामना हमें न चाहते हुए भी करना पड़ रहा है।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-corona-is-a-gesture-enough-messing-with-nature-jagran-special-20174043.html

India Fights Corona

Jharkhand: Unique way to reuse bicycle tyre-tubes as indicators for following Social Distancing while distribution of meals to children being used in West Singhbhum district.

Help us to help you
my GOV
मेरी सरकार
A COMMUNITY KITCHEN FOR HOMELESS IN RANCHI AMIDST COVID-19 CRISIS
Ruin House, Ranchi's popular Restaurant run by Round Table India in association with District Administration turns into Community Kitchen providing free food to migrant labourers, BPL families and others stranded in the city

सारी दुनिया संकट की घड़ी में उम्मीद भरी नज़रों से भारत की ओर देख रही है, और भारत ने अपना दायित्व बखूबी निभाया है

जागरण

कोरोना वायरस

Hydroxychloroquine: ब्राजील के राष्ट्रपति बोले- संकट की घड़ी में PM मोदी ने प्रभु हनुमान की तरह पहुंचाई संजीवनी बूटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महान और बहुत अच्छे नेता हैं: डोनाल्ड ट्रंप

Shailesh Shukla | नवभारतटाइम्स.कॉम | Updated: 08 Apr 2020, 11:59:00 AM

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (Donald Trump) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (Narendra Modi) को महान नेता बताया है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोरोना वायरस (coronavirus) से जंग में सहायक दवा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन (hydroxychloroquine) के निर्यात को मंजूरी दे दी है।

RSS Swayamsevaks distributing essentials to the needy people during 'Lockdown'



Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey